खबर संक्षेप

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की द्वितीय किस्त का वितरण 29 अक्टूबर को होगा

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत द्वितीय किस्त का वितरण 29 अक्टूबर 2024 को मंदसौर जिले से किया जाना है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में 6 हजार रूपए तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार/नायब तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि जिले में उक्त कार्यक्रम में विधायक/सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला/ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाए। जिला स्तर पर कार्यक्रम हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार मंडला आवश्यक व्यवस्था एवं कार्य आयोजन संपादित कराना सुनिश्चित करेंगे। जैसे जन प्रतिनिधि आमंत्रण, फलेक्स बैनर, कार्यक्रम प्रसारण हेतु कम्प्यूटर स्क्रीन, इंटरनेट आदि के संबंध में कार्यवाही व अन्य सौंपे गये कार्य इत्यादि। जिला/ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर/बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए। जिलों की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था कर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए। जिले के समस्त हितग्राही वेबकास्ट लिंक के माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम को देख व सुन सकेंगे। (ीजजचेरूध्ध्उमइबेंजण्हवअण्पद ध्उचध्बउमअमदजे) लिंक का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। स्थानीय समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए।

## 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का शपथ कार्यक्रम 29 अक्टूबर को

**मण्डला।** अपर कलेक्टर के निर्देशानुसार 29 अक्टूबर 2024 को एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिये 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का शपथ दिलाया जाएगा। साथ ही जिले में कम से कम एक स्थान पर 'रन फॉर युनिटी' का आयोजन स्थानीय जन प्रतिनिधियों के नेतृत्व में आमजन की सहभागिता से किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी किया जाएगा।

### जिला प्रशासन ने गरीब बच्चों के बीच मनाई दीपावली

# त्यौहार पर कलेक्टर ने बांटी खुशी

*** तोहफों के साथ दिया प्यार और दुलार भी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



भारत को पर्वो का देश कहा जाता है पर्व होते इसलिये हैं कि हम अपनी संस्कृति संस्कारों से जुड़े रहें और आने वाली पीढ़ी को भी इनसे परिचित कराते रहें साथ ही समाज के उन दीनदुखियों की भी सुध ले सकें जो या तो परेशानी में हैं या फिर ऐसी स्थिति में हैं कि त्यौहार न मना सकें।

उन तक हमें पहुंचना है और उनका सहयोग करना ही सही मायने में त्यौहार मनाना है। साधुवाद है जिला प्रशासन को जिन्होंने इस दिशा में सार्थक प्रयास किया कल जिला प्रशासन जिन मौहल्लों में और जिन बच्चों के बीच दीपावली मनाने पहुंचा निश्चित रूप से इनके इस प्रयास से जिस आत्मिक खुशी का इन्हें एहसास हुआ होगा इसे ये ही समझ सकते हैं।

हमारे संसाधन विहीन वर्ग में भी ऐसी-ऐसी प्रतिभायें हैं जो हम सबका मन मोह लेती हैं और फिर बच्चे तो सभी एक जैसे होते हैं इनके रूप में ही हमें भगवान के दर्शन हो रहे होते हैं और यदि हम ऐसी स्थिति में हैं कि इनके चेहरों में थोड़ी सी भी मुस्कराहट ला सकें तो हम ही भाग्यशाली हैं कि ईश्वर ने हमें इस लायक समझा तो। एक उदास और गमनीन चेहरे पर लायी गई खुशी ही सही मायने में हमारा त्यौहार है।

जिला प्रशासन ने यह प्रयास किया हम यह उम्मीद करते हैं कि इनका अनुकरण वे अधिकारी भी करें जो कहीं न कहीं क्षेत्र की जिम्मेदारी एवं व्यवस्था के प्रमुख हैं और उन्हें संभाल भी रहे हैं।



### प्रशासन ने आँगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ मनाई दीपावली

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 'हर घर दीवाली' कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक भवन स्वामी सीताराम वार्ड मंडला में आँगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ दीपावली मनाई। इस कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों से आत्मीय बात करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और शिक्षा से संबंधित जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बच्चों के बीच शैक्षणिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर बच्चों को दीपावली के उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास शालिनी तिवारी, रंजीत गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सीताराम वार्ड में बच्चों के साथ मनाई दीपावली

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 'हर घर दीवाली' कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक भवन स्वामी सीताराम वार्ड मंडला में बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। उन्होंने बच्चों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर बच्चों को दीपावली का पर्व सुरक्षित ढंग से मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चे दीपावली पर्व में फटाखे और आतिशबाजी सुरक्षित रूप से करें, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की हानि न हो। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर दीपावली पर्व, गौवर्धन पूजा और धनतेरस मनाने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने दीपावली पर भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर दीपक जलाना, धनतेरस और गौवर्धन पूजा मनाने के बारे में बताया। उन्होंने नर्मदा नदी के जल को निर्मल व स्वच्छ रखने के लिए नर्मदा नदी में नहाते समय साबुन का उपयोग न करने की सलाह दी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर बच्चों को दीपावली के अवसर पर मिठाई एवं उपहार भेंट किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला ऋषभ जैन, कार्यपालन यंत्री आरईएस सुश्री गीता आर्मो, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला गजानंद नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी और बच्चे उपस्थित थे।



## प्रशासन शराब माफियाओं को दे रहा संरक्षण-कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश के द्वारा अवैध शराब के प्रचलन पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मध्य प्रदेश राज्य में विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, परन्तु मंडला जिले और शहर के आस पास मां नर्मदा जी के तट से लगे इलाकों पर होटल ढाबों किराना पान दुकानों से शराब की बिक्री की जा रही है। जिला आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने सेटअप और खाना पूर्ति में लगे रहते हैं कुछ अवैध शराब व्यापारियों को उनके द्वारा कॉल कर पहले ही सूचित कर दिया जाता कि 10 या 12 पाव का मामला बनवा लो, छोटे छोटे शराब व्यापारियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही कर विभाग अपनी ही पीठ थपथपा लेता है।

मंडला जैसे पवित्र स्थानों पर गली गली शराब बेची जा रही है जिससे समाज में अपराध और घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सरकार के आदेश के खिलाफ प्रशासन लगातार मौन रख कर शराब माफिया को संरक्षण दे रहा है आबकारी विभाग के दल को यह सूचना होती है कि माँ नर्मदा जी के किनारे किन किन क्षेत्रों में अवैध शराब बनाए जाने तथा काफी अधिक मात्रा में अवैध रूप से हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाई जाती है और उसे आस-पास के बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता है, जिससे जनहानि होने की आशंका रहती है। इसीलिए इस पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता है। विभाग की अराजकता के चलते जनता में भारी आक्रोश है, जनता की सुरक्षा और धार्मिक मान्यताओं के संरक्षण के लिए जिला कांग्रेस कमेटी मंडला ने आबकारी अधिकारी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशु जैन, नंदू भाईजान, श्रीकांत कछवाहा, संजू अहिरवार, प्रणय भंडारी, बाबा दुबे, जावेद खान, मोहित उईके, दीपक बैरागी, आकाश पटेल, अंशुल नागवंशी, अमन लाहौरी, जावेद कुरैशी, आतिफ खान, विवेक दुबे आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने बेहतर प्रदर्शन करने पर अधिकारियों को दिए प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को जिला योजना भवन में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया है। उल्लेखनीय है कि माह सितंबर में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में 90 प्रतिशत से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने पर अधीक्षण अभियंता, ऊर्जा विभाग अयुब खान, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री मनोज पुराविया, जिला योजना अधिकारी श्री ऋषभ जैन, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे, अग्रणी शाखा प्रबंधक संजय कुमार, प्रभारी खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिछिया लक्ष्मण सिंह सारस, मुख्य नगरपालिका अधिकारी निवास श्री शिवासिंह लोधी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नैनपुर लक्ष्मण सिंह सारस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिछिया आरके मंडावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मंडला एवं नैनपुर विनोद कुमार मरावी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीजाडांडी उमेश कुमार सिंगरौरे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी आगामी माह में शिकायत का निराकरण में संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर अपने स्तर को बेहतर रखें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, एसडीएम निवास शाहिद खान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## किसानों को दी गई निःशुल्क मसूर किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/अंजनिया



अजनिया कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा एक द्विवसीय कृषक बीज वितरण का आयोजन ग्राम पंचायत अंजनिया में किया गया जिसमें कृषि विभाग के द्वारा आठ किलो मसूर के उन्नतशील बीज किट वितरण किया गया जिसमे अंजनिया बंजी झिगराघाट अहमदपुर के लगभग तीस किसानों को निःशुल्क मसूर आदि का वितरण किया गया जिसमें किसानो ने पहुंचकर बीज प्राप्त किये ग्राम पंचायत अंजनिया में कृषि विभाग के अधिकारी के द्वारा किसानों को खेती के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई कि फसलों में किस प्रकार से दवा का छिड़काव किया जाना चाहिए और किस समय फसलों में कौन-कौन सी खाद डालनी चाहिए जिससे कीड़े ना लगे जिस्से फसल की पैदावार अधिक हो सके कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जनपद सदस्य एवं सभापति कृषि समिति पारुल पांडे उपसरपंच विनोद पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश कुलस्ते ग्राम सेवक किरण तेकाम अशोक गुप्ता आनंद मरावी कुलदीप झा जितेंद्र मरावी शरद पांडे मनोज झरिया उप सरपंच बंजी संजय गढ़वाल पूरन पटेल और किसान भाई उपस्थित रहे।

ठगी

### तेईस लाख से ज्यादा राशि उन्नति एप्स में करवाया जमा।

# गांव का युवक बना महाठग नटवर लाल

*** 12 फीसदी ब्याज देने का दिया था लालच।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास







शिक्षित बेरोजगार युवक ने कंप्यूटर पर फर्जी एप्लिकेशन बनाकर लोगों से बारह प्रतिशत ब्याज देने के नाम पर निवास नगर से ही लगभग तेईस लाख की राशि बटोर ली, युवक ने इन्वेस्ट कर्ताओं को शुरुआती महीने में कुछ ब्याज की राशि भी दी लेकिन ये सब इसने इसकी टोपी उसके सर के तरीके से अंजाम दिया। निवास के नजदीकी ग्राम बिसौरा निवासी विकास कुमार रजक पिता राधे लाल रजक उम्र लगभग पच्चीस वर्ष ने निवास नगर में किराये की दुकान में पहले ऑनलाइन वर्क शुरू किया लेकिन धीरे-धीरे इसको पैसों की भूख सताने लगी और इसके शातिर दिमाग ने कम्प्यूटर पर सुनियोजित ढंग से ज्यादा पैसे कमाने का (उन्नति ) नाम से फर्जी एप्स बनाया, साथ ही इसने परिचित लोगों से सभी बैंकों से ज्यादा 12% ब्याज देने के नाम पर कई लाखों की रकम जमा बटोरने में सफल हो गया, और वादे के अनुसार जब सभी को समय पर ब्याज की राशि देने का समय आता तो इसके चंगुल में जो नये कस्टमर फंसते थे उनकी राशि से कुछ को पैसे देता रहा जिनमें से अधिकांश जमाकर्ताओं को जब कुछ महीने से ब्याज की राशि नहीं मिली तब ये सावधान हुये तब तक उक्त युवक कुछ दिन छिपता रहा, वहीं अपनी रकम को डूबता देख तेईस जमाकर्ताओं ने निवास थाना में पैसों के विवरण सहित उल्लेख कर पैसों को वापस दिलाने का आवेदन दिया है, वहीं पुष्ट शुत्रों से जानकारी यह भी है कि उक्त युवक ग्रामीण क्षेत्रों से भी नगद राशि लेने व जेवरात गिरवी रखकर पैसे हड़प चुका है, साथ ही वाहन फायनेंस करवाने के नाम से भी धोखाधड़ी कर जनता को मूर्ख बनाता रहा और अब ये शातिर युवक निवास पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है जहाँ पूंछताछ में और भी लोगों को ठगे जाने के नाम उजागर कर सकता है।

**इनका कहना है:-**

*सभी राशि जमाकर्ताओं ने संयुक्त लिखित शिकायत की है जिसके अनुसार जाँच की जा रही है।*
***-वर्षा पटेल,***
***(निवास थाना प्रभारी)***

## राजस्व दल द्वारा बुढ़ला में अवैध भंडारित रेत को किया गया जप्त



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम बिछिया सोनाली देव के मार्गदर्शन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज व राजस्व विभाग के दल द्वारा गत दिवस बुढ़ला क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बुढ़ला में खनिज रेत का अवैध भंडारण पाया गया। खसरा नक्शा 345 और 346 भूमि स्वामी खसरा नंबर 357 में लगभग 40 ट्राली घन मीटर रेत के अवैध भंडारण को जप्त कर खनिज विभाग के सुपुर्दगी में किया गया है। क्षेत्र में पाए गए खनिज रेत भण्डारण के संबंध में खनिज प्रावधान के अंतर्गत आगामी कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर निराकरण के लिये वरिष्ठ स्तर पर प्रेषित किया जाएगा। कार्यवाही के दौरान राजस्व अमला सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सीईओ जिला पंचायत ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने विगत दिवस मवई विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य तथा ग्राम नरहरगंज में खेल मैदान का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि आवास का निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने हितग्राही से चर्चा करते हुए समझाइश दी कि निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत मवई, एसडीओ आरईएस सहित संबंधित उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### आजीविका समूहों द्वारा तैयार किया गया आकर्षक दीपावली गिफ्ट हैंपर

**अनूपपुर।** आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों द्वारा दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर आकर्षक गिफ्ट हैंपर तैयार किया गया है, जो कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर में आजीविका स्टाल पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में स्व सहायता समूहों के द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों से आमजन को परिचित कराने व स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों के प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुये यह पहल विगत वर्षों से की जा रही है।समूहों की इस पहल को पहले भी लोगों के द्वारा सराहा गया है। इसके पूर्व भी स्व सहायता समूहों द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर आकर्षक गिफ्ट हैंपर तैयार किया गया था, जिसे सभी के द्वारा प्रोत्साहित किया गया था। गिफ्ट हैंपर में आजीविका स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पाद आजीविका अमरकंटक कोदो, आजीविका कोदो बिसकिट्स, कोदो नमकीन, डिजायनर कैंडल्स, दीपक बाती, अगरबत्ती , लक्ष्मी जी- गणेश जी की मूर्ति, रंगोली के रंग आदि शामिल हैं जो गिफ्ट हैंपर को आकर्षक बना रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा समूहों के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिये उनके द्वारा तैयार दीपावली गिफ्ट हैंपर खरीदने की अपील सभी से की गई है।

### कोतवाली पुलिस ने देर रात जुआ फड़ से पांच आरोपी किये गिरफ्तार

**अनूपपुर।** शनिवार की देर रात कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अनूपपुर नगर में रामसागर तालाब के पास जुआ के फड़ पर रेड कार्यवाही की गई जिसमें ताश के पत्तो से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 05 आरोपियो मोहन पाल (40 वर्ष), गणेश प्रसाद (32) वर्ष, किशोरी लाल वर्मा (39 वर्ष), संजय सोनी (48वर्ष) सभी निवासी पुरानी बस्ती अनूपपुर, रवि पाल (32 वर्ष) निवासी ग्राम सकरिया को सहायक उपनिरीक्षक सतानंद कोल, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, महेन्द्र राठौर के द्वारा रंगे हाथ पकड़ा जाकर कुल 4100 रुपए एवं ताश के पत्ते जप्त किया जाकर थाना कोतवाली अनूपपुर के अपराध क्रमांक 468/24 धारा 13 जुआ एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

### विश्वविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान छात्रों ने खोला मोर्चा

**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान छात्र ने सोमवार को माननीय राष्ट्रपति महोदया के नाम नूपपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि हम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के पूर्व एवं वर्तमान छात्र हैं, जो अपने विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति से दुखी होकर विश्वविद्यालय प्रशासन लचर व्यवस्था,अराजकता एवं भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है, जहां वर्तमान कुलपति के द्वारा विश्वविद्यालय को अपनी व्यक्तिगत संपत्ति समझ कर अपने व्यक्तिगत लाभ एवं प्रियजनों के विकास के लिए चलाया जा रहा है। इसके अलावा भारत सरकार विश्वविद्यालय अनदुान आयोग, शिक्षा मंत्रालय एवं अन्य विनियामक संस्थाओं के आदेशों एवं मानकों तथा दिशा निदेर्शों को ताक पर रखकर कुलपति ने विश्वविद्यालय मे अराजकता फैला रखी है तथा सरकारी पद एवं धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। जिस विषय पर ऐसे 30 से अधिक उदाहरण एवं शिकायत पत्र के साथ संलग्न किया गया है जिस पर कार्यवाही जरूरी है जिससे जिससे केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं इसमे अध्ययनरत तथा भविष्य मे अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों का भविष्य बचाया जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विगत 5 साल से शहडोल संभाग के समस्त क्षेत्र के लोगों को केंद्रीय विश्वविद्यालय से वंचित रखने का प्रयास किया जा रहा हैं। पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा आसपास के 50 किमी. के अंतर्गत बस संचालित की जाती थी जिससे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय अध्ययन करने आने पर आसानी होती थी, साथ ही विश्वविद्यालय पर हॉस्टल की कमी के कारण शहडोल संभाग के समस्त क्षेत्र के बच्चों को ना के बराबर हॉस्टल एलॉट किया जाता है।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

कलेक्टर ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में सीइओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, एसडीएम शहपुरा श्री एश्वर्य वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम बजाग श्री आर.पी. तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

दिवाली पर्व पर व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने पटाखा दुकानों, पटाखा दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पटाखा दुकानों के लिए अपने-अपने क्षेत्र में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों द्वारा गत सप्ताह किये गए विभागीय निरीक्षण में सामने आये प्रकरणों की समीक्षा की। वार्डन की अनुपस्थिति, ऐसे स्कूल जहां शिक्षक नहीं पाये गए, ऐसी स्थिति में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, आंगनबाड़ी, नहर आदि प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत गत सप्ताह की प्रगति व द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि व नवीन स्वीकृतियों के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि गत सप्ताह 89 जनमन आवास पूर्ण हुए हैं। जनमन आवास के तहत विकासखण्डवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सभी सीईओ जनपदों को कार्ययोजना बनाकर आवास कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहली, दूसरी और तीसरी किस्त के मध्य अधिक अंतर न हो। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जनमन के तहत विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि गत सप्ताह 35 घरों में विद्युत आपूर्ति प्रदान की गई। उन्होंने जिले में राशन वितरण की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जीर्णशीर्ण भवनों के संबंध में एसडीएम और नगर परिषद सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राशन वितरण की समीक्षा करते हुए अक्टूबर माह के राशन वितरण, दुकानों में वेट मशीन, नापतौल, सेल्समैन को प्रशिक्षण आदि के संबंध में जानकारी ली। खरीफ फसल के उपार्जन, भण्डारण, परिवहन, वेयर हाउस की स्थितियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। पीएम जनमन उन्नत ग्राम योजना के तहत शामिल सभी विभागों को योजना के लक्ष्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की और ओपीडी, आईपीडी, ओआरएस वितरण की जानकारी विकासखंडवार ली। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया की विकासखंड स्तर पर स्क्रीनिंग के बारे में पूछा और तत्संबंध में निर्देश दिए। झोलाछाप डॉक्टरों पर की गई कार्यवाही के संबंध में बताया गया कि गत सप्ताह सात झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही की गई है। स्व-रोजगार एवं रोजगार के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत आवंटित लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। इसके तहत 30 प्रकरणों को स्वीकृत कर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने स्व-रोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग स्थानीय वस्तुओं की खरीद पर ध्यान केन्द्रित करें। वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता दें। स्थानीय व्यापारियों को जेम पोर्टल के तहत पंजीकृत कर स्थानीय एवं सुगमता से उपलब्ध वस्तुओं को प्रोत्साहित करें। आधार अपडेशन, छात्रवृति वितरण, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, राज्य मिलेट मिशन, बीज वितरण, उर्वरक की उपलब्धता और सम्पूर्णता अभियान सहित अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अंतर्विभागीय मुद्दों पर जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों में समन्वय बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सीएम हेल्पलाइन के तहत विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के प्रकरण पर कार्य करना एक सतत प्रक्रिया है। जिस पर सभी विभाग लगातार कार्य करते रहें।



## शासकीय हाई स्कूल मुड़की में निवेदिता जयंती पर हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

महाकौशल विज्ञान परिषद एवं राष्ट्र सेविका समिति के द्वारा शासकीय हाई स्कूल मुड़की में निवेदिता जयंती पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनामिका शर्मा राष्ट्र जिला कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति, श्रीमती अंतिमा गुप्ता नगर तरुणी प्रमुख राष्ट्र सेविका समिति, डॉ. विकास जैन महाकौशल विज्ञान परिषद, श्रीमती सुनीता नामदेव जिला संयोजक महाकौशल विज्ञान परिषद ने दीप प्रज्जवलित कर विद्यार्थियों को संबोधित किया।प्राचार्या श्रीमती सुनीता नामदेव ने बताया कि बालिका शिक्षा उत्थान में भगिनी निवेदिता का योगदान अविस्मरणीय है, उन्होंने सन 1898 में कोलकाता में उस समय बालिका विद्यालय की स्थापना की जब समाज के संभ्रांत लोग अपनी बालिकाओं को विद्यालय भेजना पसंद नहीं करते थे। अनामिका मिश्रा ने बताया भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आपने अंग्रेजों की दमन नीति का विरोध कर योगदान दिया। श्रीमती अंतिमा गुप्ता ने कहा कि कोलकाता में फ्लैग महामारी फैलने के दौरान आपने महिलाओं की टोली बनाकर तन मन धन से रोगियों की सेवा की। विज्ञान भारती के डॉ. विकास जैन ने बताया कि अपने भारतीय प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बसु के शोध कार्य को विश्व पटल तक ले जाने में सहायता की। कक्षा दसवीं की छात्रा सुश्री तनिष्का सैयाम ने बताया कि एक विदेशी महिला होकर भी अपने भारतीय संस्कृति को अपनाकर भारत राष्ट्र की सेवा कर अपने गुरु स्वामी विवेकानंद जी के दिए नाम को सार्थक किया। विद्यालय में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप सदन विजेता रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक श्री शकील मंसूरी ने किया। मार्गदर्शक शिक्षक सुश्री लक्ष्मी सैयाम, सुश्री माया धुर्वे एवं सुश्री सोनाली पांडे की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## शालेय राज्य स्तर हैंडवॉल में बालिका रही विजेता
### राष्ट्रीय स्पर्धा तेलंगाना में लेगी भाग

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।



कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में शालेय खेल कैलेंडर 2024-25 के अनुसार 68 वीं शालेय राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता शिवपुरी में 24 से 27 अक्टूबर 2024 तक आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, शहडोल, रीवा , ग्वालियर, जनजाति कार्य संभाग सम्मिलित हुए । जिला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति कार्य विभाग श्री पी एस राजपूत ने बताया कि जूनियर बालिका वर्ग में सेमी फाइनल में जबलपुर और जनजाति कार्य विभाग के मध्य मैच खेला गया ,जिसमें जनजाति कार्य विभाग की बालिकायें 06-12 से जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच मेजबान ग्वालियर के साथ खेला गया ,जिसमें 12-16 से जनजाति कार्य विभाग की टीम ने मैच जीत कर विजेता का गौरव प्राप्त किया। जनजाति कार्य विभाग के दल में जिले की बालिकाए कु. रिंकी परस्ते, अंजली कुशराम, गंगोत्री मरावी, देवंती पुषाम, अभिलाषा ने विभाग की टीम को शानदार जीत दिलाई । सभी खिलाड़ियों ने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला श्रीमती रमा साहू कोच के मार्गदर्शन में जीता । गौरतलब है, कि हैन्डबाल की चयनित खिलाड़ी स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्पर्धा तेलंगाना में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नवंबर माह में भाग लेंगी। विद्यालय ,जिला एवं विभाग को गौरवान्वित करते हुए उपलब्धि प्राप्त करने वाली खिलाडी छात्र छात्राओं का प्राचार्य यशवंत साहू सी एम राइज, प्रभु दयाल पटेल संदीप सोनी, डी के श्रीवास्तव एवं पी एस राजपूत जिला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति कार्य विभाग,प्रशिक्षक जागेश्वर नंदा ,अनिल लोधी,रमा साहू ,नवीन खरगाल, परवेज खान ,डॉली कोरचे आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुई छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## दीपावली पर्व पर संस्कार पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



शहपुरा

दीपावली पर्व पर संस्कार पब्लिक स्कूल में रंगोली दिया थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कक्षा 1 से 10 की छात्राओं ने भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सुंदर रंगोली बनाई। दिवाली के अवसर पर स्कूल में रंगोली और दीया सजाने की प्रतियोगिता प्रति वर्ष आयोजित की जाती है। यह आयोजन छात्रों को सांस्कृतिक उत्सवों से जोड़ने में मदद करता है। छात्र विभिन्न रंगों और डिजाइनों के साथ सुंदर रंगोली बनाते हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। यह आयोजन विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन के द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया जाता है, जो छात्रों को प्रेरित करता है और उनकी कला के प्रति रुचि को और बढ़ाता है। इस आयोजन ने न केवल कला को बढ़ावा दिया, बल्कि आज के परिवेश में लोगों को एक नया संदेश एवं भारतीय संस्कृति और परंपरा को भी समर्पित किया, जो रंगोली में निहित है। सभी छात्राओं ने अपनी-अपनी रंगोलियाँ बनाने में काफी उत्साह दिखाया और एक-दूसरे की कृतियों की सराहना की। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉक्टर सीवी रमन हाउस पूजा थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता में रविंद्र नाथ टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया रंगोली प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान समीक्षा साहू कक्षा चैथी द्वितीय स्थान सान्वी साहू कक्षा दूसरी एवं तृतीय स्थान लक्ष्मी बैगा कक्षा चैथी सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर संस्कृति झारिया द्वितीय स्थान पर लतिका बरमैया एवं तृतीय स्थान पूर्णिमा तिलगाम दिया थाली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संस्कृति झारिया कक्षा आठवी द्वितीय स्थान अनाया मरावी कक्षा तीसरी स्थान पर जिज्ञासा सलामे कक्षा पांचवी एवं इसिता रजक कक्षा 9वी ने प्राप्त किया प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में आशीष गौतम, हेमलता झरिया, पूनम श्रीवास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्णायक ग्रुप से हेमलता झारिया के द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्राओं को पेंटिंग कलर, पेंसिल, पेन से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिवार से प्राचार्य सविता झारिया समस्त छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सावधानीपूर्वक हर्षउल्लास के साथ साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। प्राधानाध्यापक आर. एल. चंद्रा , खेलन झरिया, दिनेश कुमार गौतम , सिद्धार्थ उपाध्याय , पूनम श्रीवास, अंजलि साहू, कीर्ति साहू, तनु बरमैया, मीनाक्षी माधवी, ममता रानी सेंगर , श्वेता झरिया, एकता गुप्ता, वैशाली गुप्ता , सुषमा बरमैया, अंकिता झारिया सरिता साहू , बॉबी यादव, फूलबाई झारिया एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले के 12 एथेलीट का राज्य स्तर के लिए हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त डॉ. संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में शालेय खेल कैलेंडर 2024-25 के अनुसार जिले के खिलाड़ी विभिन्न विधाओं में शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री पी.एस राजपूत ने बताया कि विगत दिवस विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अलिराजपु में आयोजित हुई थी, जिसमें जिले के एथेलीटो ने भाग लेकर 10 गोल्ड 07 सिल्वर एवं 06 कांस्य पदक प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिले के चयनित एथलीट अभिलाषा परस्ते जूनियर वर्ग में 100 मी. दौड ऊंची कूद एवं हर्डल्स तीनों विधा में गोल्ड पदक, महावती धुर्वे तवा फेक में गोल्ड, गोला फेक में सिल्वर, जयंती तेकाम सीनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में गोल्ड, लंबी कूद में गोल्ड, खुशबू नेताम सीनियर वर्ग ऊंची कूद में गोल्ड, त्रिकूद में कांस्य, कृष्ण तेकाम हैमर थ्रो में गोल्ड, कृष्ण मरकाम सीनियर वर्ग हैमर थ्रो में गोल्ड, नेहा मसराम मिनी वर्ग तवा फेक में गोल्ड, संजना परस्ते 100 मीटर दौड़ मिनी वर्ग में सिल्वर, कीर्ति वाटिया 600 मीटर दौड़ में गोल्ड, 200 मीटर दौड़ में कांस्य, सुकृति मार्को मिनी वर्ग 400 मीटर दौड़ में गोल्ड, लामिया सीनियर वर्ग 800 मी दौड में सिल्वर एवं क्रॉस कंट्री में पांचवा स्थान, प्रवीण मसराम सीनियर वर्ग गोला फेक में गोल्ड, भाला फेक में गोल्ड पदक प्राप्त कर 68वीं शालेय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भोपाल एवं छतरपुर में 03 से 06 नवंबर 2024 तक कोच नवीन खरगाल, दिलीप सोनवानी धर्मेंद्र मार्को, मुकेश मरावी, सूरज पट्टा के कुशल नेतृत्व में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला, प्राचार्य यशवंत साहू, बलवीर मरावी, अजय राय, अरुण बट्टे, अमर सिंह ठाकुर, प्रशिक्षक रमा साहू, नवीन खरगाल, अनिल लोधी, परवेज खान, धर्मेंद्र मार्को, रोहित चन्द्रौल, डॉली कोरचे इत्यादि ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य कामना की।

## आबादी के बीच लगाई पटाखा दुकानें, नियमों की उड़ रही धज्जियां

**अनूपपुर/कोतमा।** बारूद एवं पटाखा भंडारण व विक्रय के लिए कड़े नियम कानून होने के बावजूद नगर में नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। कई ऐसे व्यापारी हैं, जिन्होंने अपने गोदाम गैर रिहायशी इलाकों में बनाए हैं, पर पटाखों की दुकान शहर में घनी आबादी के बीच लगवाई जा रही है।

नगर के वार्ड क्रमांक 7 ठाकुर बाबा मंदिर के पास निजी भूमि में एलआईसी ऑफिस एवं रिहायशी इलाके से सटे जगह पर पटाखा की दुकान लगवाए जाने की तैयारी नगर पालिका प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के द्वारा करवाई जा रही है। लगभग 31 अस्थाई लाइसेंसी दुकान लगवाए जाने के लिए शेड बनाए जा रहे हैं। दीपावली के मद्देनजर 30 से ज्यादा लोग हर साल शहर में कुछ दिनों के लिए पटाखा दुकान लगाने के लिए अस्थायी लाइसेंस भी लेते हैं। चूंकि दीपावली पर्व को दो दिन ही शेष रह गए हैं, ऐसे में इन सारे व्यवसायियों ने पटाखों का भारी मात्रा में स्टाक कर लिया है। जहां पटाखे की दुकानें लगवाई जा रही है जिनके आसपास रिहायशी एवं एलआईसी आफिस हैं। यहां हालात मध्यप्रदेश के झाबुआ के पेटलावद की तरह बनने की आशंका है। हालांकि एसडीएम का कहना है कि जिलेभर में ऐसे विस्फोटकों की जानकारी लेने छापामार कार्रवाई की जा रही है। आबादी के बीच पटाखे की दुकानें होने से हर पल हादसे की आशंका बनी रहेगी ऐसे में हल्की चिंगारी से पूरा शहर तबाह हो जाएगा। हालांकि प्रदेश में पूर्व में बड़ी घटना होने के बाद प्रशासन सजग हुआ है, लेकिन बिना लाइसेंस के पटाखे रखने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

## एसडीएम पहुंचे रजहा धाम हनुमान लला के दर्शन कर मांगा आर्शीवाद

**अनूपपुर।** रजहा धाम में विराजे श्री हनुमान लला जी के दर्शनार्थ अनूपपुर जिले के सहायक कलेक्टर आईएएस महिपाल सिंह गुर्जर पहुंचे। जहां प्रमुख आचार्य पं.आनन्दराम गौतम के पूजन अर्चन पश्चात रजहा धाम समिति के अध्यक्ष भूधर राठौर द्वारा साल श्री फल से तथा विजय राठौर, भारत राठौर द्वारा मॉ गायत्री का आर्शीवाद स्वरूप स्मृति चिन्ह सप्रेम भेट कर स्वागत किया गया। पर्यावरण संरक्षण हेतु देव वृक्ष रूद्राक्ष एवं अशोक के औषधीय पौधा का अंजनी गौशाला (2004) के संस्थापक विजय राठौर (किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य), अंजनी गौशाला संचालक भारत राठौर, हास्य कलाकार पवन छिब्बर, सुभाष श्रीवास्तव सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग अनूपपुर, कार्यक्रम आयोजक लखन लाल रैकवार एवं हनुमंत जन सेवा समिति के अध्यक्ष भूधर राठौर, कोषाध्यक्ष जानकी प्रसाद, सचिव लालदास राठौर, सह सचिव शंकर राठौर, मंदिर संरक्षक विजय राठौर, निरीक्षक मनोज राव, गौ सेवा सदन शिवमारूति युवा संगठन अनूपपुर के पदाधिकारी बृजेश राठौर (अध्यक्ष), राहुल अग्रहरि (उपाध्यक्ष), इशांक केशरवानी (सचिव), प्रथमेश केशरानी (कोषाध्यक्ष), श्रेयांश केशरवानी (सह सचिव), सूरज राठौर (गौ सेवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष), मनीष गौतम की उपस्थिति में पौधा रोपण कर गौ रक्षा एवं सेवा का कार्य करने वाले गौ सेवा सदन, मारूति युवा संगठन अनूपपुर को प्रोत्साहन करते हुए, गौ माता के गोबर से निर्मित गणेश जी की मूर्ति, दीपक, पूजन सामग्री, विवेकानन्द की पुस्तक, उपहार स्वरूप पवन छिब्बर द्वारा प्रदत्त भोज पात्र (11 नग डिफिन), पुष्पगुच्छ पुष्पमाला, स्मृति चिन्ह भेट दिए गए।

## कम ना हो त्यौहार की खुशियां
# स्थानीय उत्पादों का करें उपयोग






### मेरे घर भी दिवाली है खरीदी कर बढ़ायें खुशियां

दीपावली के पावन त्यौहार को लेकर बाजार मे रौनक व चहल पहल बढ़ गई। हर गली चैराहे पर त्यौहारों में उपयोग होने वाली सामग्री का विक्रय किया जा रहा है। दुकानदारों की बड़ी अपेक्षा होती है कि उनकी विक्री हो तो उनका त्यौहार भी खुशियों के साथ मनाने का अवसर मिले। वही सरकार द्वारा भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर बल दे रही है।

हरिभूमि न्यूज़नरसिंहपुर।

त्योहारों को लेकर नगर को दुल्हन की तरह सज गया है। तरह तरह की सामग्रियों की खरीदी विक्री बाजार मे की जाने लगी है। दुकानदारों को बड़ी आस होती है कि बाजार में उनकी वस्तु का विक्रय अच्छा हो तो उनके घर भी त्यौहार मे खुशियां आये। वर्तमान दौर में विविध प्रकार की सामग्री बाजार मे उपलब्ध है। वही स्थानीय कारीगरों की सामग्री लोगो को पसंद नही आ रही है। लेकिन लोगो को यह ध्यान रखना चाहिए की त्यौहार दिन दो दिन का होता है लेकिन खुशियाँ हमेशा याद रहती है यदि आपके छोटे से योगदान में किसी के घर में खुशियां आती है तो उसके लिये हमेशा प्रयास करना चाहिये।

### ये होता है त्यौहार अर्थ

हमारी संस्कृति में त्योहार हर्षोल्लास व खुशियों का प्रतीक है। त्यौहार को दान, धर्म, क्षमा, शीलता व पुण्य का पर्याय भी माना जाता है अधिकांश देखा जाता है कि त्यौहार याने खुशी के दिन हमें किसी को भी भूखा घर से नही जाने देते उसे सम्मानपूर्वक भोजन कराते है। कहा भी जाता है कि खुशियां जितनी देगें उससे दोगुनी हमें मिलती है। इसलिये विद्वान व्यक्तियों द्वारा हमेशा खुशियों को बांटकर अपनी खुशियां बढ़ाने का कार्य करते है। दीपावली के इस पावन पर्व पर हम और आप भी इस पुन कार्य मे सहभागिता देकर अपनी खुशियों को बढ़ा सकते है। त्यौहार मे उपयोग होने वाली समाग्री स्थानीय उत्पादों द्वारा निर्मित हो ऐसी सामग्री की खरीददारी करें।

### त्यौहार पर खुशियों की रहे बहार

दीपावली का त्यौहार वर्ष का सबसे बड़ा त्यौहार होता है लोग एक वर्ष तक दीपावली के त्यौहार की खुशियों का व्याख्यान करते रहते है सब अपनी जरूरतों की सामग्री का क्रय करते है। जिसे कई वर्षो तक उपयोग कर उसे याद रखते है। सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये लोगों को जागरूक कर रही है। दिवाली पांच दिन का पर्व है। दिवाली की इस पूजा में मिट्टी के दीये का इस्तेमाल कर माता लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। दीपोत्सव के इस पर्व पर मिट्टी से बने दीयों और बर्तनों की मांग अधिक होती है। वोकल फॉर- लोकल के आव्हान के बाद कुम्हारों को यह उम्मीद है कि यह दीवाली उनकी भी खुशियों से भरी होगी। जिले के प्रमुख हाट बाजारों में दीया- बाती, झाड़ू, श्रृंगार सामग्री और घर के द्वार पर बांधने वाले बंदना दिखाई देने लगे हैं। बहुत ही कम दाम पर मिलने वाले इन मिट्टी के बर्तनों एवं अन्य सामग्री को कुम्हार की चाक से बाजारों तक लाने का काम बड़ा ही चुनौती पूर्ण होता है हम उनकी सामग्री खरीद कर उनकी खुशियों में चार चांद लगा सकते है।

### परिश्रम को खुशियों में बदलें

मिट्टी के बर्तन व उपयोगी सामग्री बनाना आसान कार्य नहीं है । मिट्टी लाने से लेकर उसे गूंथने, पहिये पर रखकर आकार देने, सूखाने एवं अच्छी तरह पकाने की प्रक्रिया की जाती है। उसके बाद उसे रंगने का काम होता है। कारीगर व उनका परिवार एक माह पहले से जुट जाते हैं। इसके बाद शुरू होती है इन्हें बेचने की कवायद। मिट्टी का सामान बेचने के लिए कारीगरों द्वारा अपने मोटर साईकिल, हाठ ठेले एवं साईकिल से जाकर दूर हाट बाजारों तक जाना पड़ता है। वे मानते हैं कि बाजारों में आने वाली चाइनिज लाईटों, दीयों ने मिट्टी के दीयों का स्थान लिया है। इससे हमारी पुस्तैनी विरासत एवं स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कुम्हारों को उनकी मेहनत का सही दाम मिलेगा। मिट्टी के दीये, बर्तन प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। हम उनके परिश्रम को खुशियों में बदलने का कार्य करने में सक्षम है इसलिए यह आवश्यक समझें।

### कुम्हारों से नहीं की जायेगी कर वसूली

दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के ग्रामीणों एवं कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये बनाये जाते हैं और इन्हें दीपावली के त्यौहार पर विक्रय के लिए बाजारों व हॉटों में लाया जाता है। इस पर अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मिट्टी के दिये विक्रय के लिए आने वाले इन ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये। इसके अलावा नगर पालिका नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली न ली जाये। मिट्टी के दिये पर्यावरण की दृष्टि से भी उपयुक्त होने के कारण आमजन को इनके उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाये। इस आदेश का जिले में पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं।

## खबर संक्षेप

### एकल अभियान द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस एकल अभियान के तहत अभ्युदय क्लब नरसिंहपुर अंचल की अंचल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 11 संच के 396 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं आचार्य 210 एवं सभी संच प्रमुख संच व्यास एवं पूर्ण अंचल टोली उपस्थित रहे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में संच में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चो को जिला स्तर पर खेल खिलाया गया जिसमें प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चो को पुरस्कार के रूप में सील्ड एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया जो कि पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल के द्वारा सप्रेम भेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलेश ककोड़िया जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं संरक्षक अमितेंद्र नारोलिया अंचल समिति अध्यक्ष कुलदीप सिंह सलूजा के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता का पूजन कर दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में अंचल समिति से विनोद मेहरा, प्रशांत तिवारी , सूर्यप्रकाश स्वामी , ओम प्रकाश मरावी , गुलमान सिंह सल्लाम ,सूरज पटेल, राजेंद्र चीचले अंचल व्यास, नितेश , श्यामलाल ,जगदीश , राकेश ,तेजराम , धर्मेंद्र, चंद्रभान , प्रमोद ,ब्रजेश ,दुर्गा प्रसाद साहू , निलेश ,जीवन ,संच व्यास कमल , दीनदयाल ,कृष्णकांत , एवं सभी एकल परिवार उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर स्मृति चिन्ह देकर दी बिदाई



**नरसिंहपुर।** गत दिवस सी.एम.राइज एस.डी.एम.शास. क.उ.मा.वि. में पदस्थ लेखापाल श्रीमती संपत मेहरा अपनी 37 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त विदाई दी गई। संस्था प्राचार्य प्रभात मिश्रा ने श्रीमती संपत मेहरा को एक दृढ़, निश्चयी, शांत, कर्तव्य परायण और लगनशील महिला निरूपित करते हुये उनके सुखद, समृद्धशाली और सुदीर्घ भविष्य की शुभकामनाये देते हुये अभिनंदन पत्र का वाचन कर, समृति चिन्ह भेटकर शाल श्रीफल से विदाई दी गई। उक्त मौके पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

### म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ जताया आभार

**नरसिंहपुर।** गत दिवस म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ द्वारा बहुप्रतीक्षित महंगाई भत्ते की मांग की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2024 से करने पर संघ की जिला शाखा द्वारा आभार व्यक्त करते हुए, शेष 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता शीघ्र घोषित करने एवं संघ की बाकी 25 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया गया है। आभार व्यक्त करने वालों में संघ के पदाधिकारी गजेन्द्र नायक, संजय लमानिया, प्रदीप पटेल, भीकम सिंह कौरव, आर.आर. अवस्थी, महेश अधरूज, श्रीमती ऊषा पचैरी, मुकेश दुबे, डी.के. परतेती, संतोष सोनी, सुरेंद्र पाठक, धमेन्द्र चौरसिया सहित सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।

### पटवारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस तहसील पटवारी संघ इकाई ने विभिन्न मांगो को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि सार्थक एप लागू किये जाने विषयक कुछ पटवारियों की आई डी ऑफिस द्वारा जनरेट की गई है।

### नहीं रहे रामबाबू शर्मा

**तेंदूखेड़ा** नगर के प्रतिष्ठित रिटायर्ड पटवारी श्री रामबाबू शर्मा की विगत दिनों निधन हो जाने पर सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी श्रंद्धाजलि देते हुए अंतिम विदाई दी। पटवारी जी देवेन्द्र कुमार अरविंद शर्मा के पूज्य पिताजी थे।

### नहीं रहे परमानंद चित्रकार

**तेंदूखेड़ा** नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ मूर्तिकार श्री परमानंद चित्रकार का गत दिवस अचानक निधन हो जाने पर नगर के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। परमानंद जी अनंत राम अनूप चित्रकार के पूज्य पिताजी थे।

# दीपावली का महापर्व छह दिवसीय पर्व का शुभारंभ

तेंदूखेडा।

1 नवम्बर को दीपावली पूजन शास्त्र सम्मत सनातन हिन्दू परम्परा का पंच दिवसात्मक महत्वपूर्ण दीपोत्सव का पर्व धनतेरस रूप चौदस, नरक चतुर्दशी, दीपावली लक्ष्मी पूजन अन्नकूट गोवर्धन पूजा, और भाई दूज के साथ इस वर्ष 29 अक्टूबर से लेकर 3 नवम्बर तक छह दिनों में मनाया जायेगा।विद्वानों की मतभिन्नता और पंचांगों की गणतीय भिन्नता के चलते दीपोत्सव के पर्व पर लक्ष्मी पूजन के मुहूर्त को लेकर भ्रम बना हुआ है। समस्त प्रकार के शास्त्रीय मतों के अनुसार इस वर्ष एक नवंबर को दीपावली लक्ष्मी पूजन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा।

**धनतेरस 29अक्टूबर-** कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी में धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 29 अक्टूबर मंगलवार को द्वादशी तिथि के उपरांत प्रदोषकाल में त्रयोदशी में होगा। इसी दिन आयुर्वेद के आदि प्रवर्तक भगवान विष्णु के अवतार धनवन्तरी भगवान का जयंती पर्व भी मनाया जाता है। धनतेरस की दिन खरीदारी के लिए बहुत अच्छा मुहूर्त रहता है। इस बार धनतेरस के दिन लक्ष्मी नारायणयोग शश योग और त्रिपुष्कर योग रहेगा।इस दिन लोग सोना चांदी आभूषण वाहन धातु के वर्तन आदि खरीद कर पूजन करते हैं।भोम प्रदोष में ऋणमुक्ति के उपाय भी सार्थक होते हैं।



**रुपचौदस 30अक्टूबर-** बुधवार 30 अक्टूबर को त्रयोदशी के उपरांत चतुर्दशी का प्रारंभ हो जाएगा। चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्दशी में ही रूप चौदस नरक चतुर्दशी का पर्व रहेगा।इस दिन अपमृत्यु के निवारण और यमराज की प्रसन्नता के लिए घर के बाहर चार वत्ती वाला दीपदान किया जाता है।

**गुरूवार 31अक्टूबर को होगी कुछ क्षेत्रों में दीपावली-** कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को प्रभातकाल में तीर्थ स्नान करने का बहुत महत्व होता है। कुछ पंचांगकार और ज्योतिषियों के मतानुसार चतुर्दशी के उपरांत अमावस्या 31 अक्टूबर गुरुवार को दीपावली का पूजन होगा।

**दीपावली लक्ष्मी पूजन 1 नवम्बर-** कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रदोष व्यापिनी अमावस्या में लक्ष्मी इंद्र कुबेर आदि की पूजन के साथ दीपावली का पूजन किया जाता है। दृश्य गणित पद्धति से निर्मित में पंचांगों में 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी अमावस्या है। शास्त्रों के मतानुसार ऐसी स्थिति में दूसरे दिन वाली अमावस्या शास्त्र सम्मत है। 1नबम्वर शुक्रवार को अमावस्या शाम को 6 बजकर 17 मिनट तक रहेगी। अमावस्या सूर्यास्त के बाद एक घडी से भी ज्यादा समय तक रहेगी। भारत के सुप्रसिद्ध 80 से अधिक पंचांग कारों ने एक नवंबर को ही दीपावली शास्त्र सम्मत संवत मानी है। भारत के अधिकांश क्षेत्रों में 1 नवंबर शुक्रवार को स्वाति नक्षत्र आयुष्मान योग और प्रतिपदा युक्त अमावस्या में ही दीपावली मनाई जाएगी। स्नान दान पितृ कार्य श्राद्ध और साभ्यांग स्नान 1 नबम्वर को ही शुभफलदायक है।

**गोवर्धन पूजा 2 नबम्वर शनिवार-** कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा शनिवार 2 नबम्वर को अन्नकूट गोवर्धन पूजा का पर्व होगा।कई क्षेत्रों में इस दिन सायंकाल में गोक्रीडा भी होती है।

**भाईदोज 3 नवम्वर रविवार-** भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक हमारा पारंपरिक भाई दूज भ्रातृद्वितीया यमद्वितीया का पर्व रविवार 3 नवंबर को मनाया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार इस दिन यमुना स्नान का बहुत महत्व है, इस दिन बहिन के घर जाकर तिलक लगवाकर भोजन करना चाहिए। बहिनें भी इस दिन अपने भाई की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना करतीं हैं।

**पंचांग कार और ज्योतिर्विदों में मचा घमासान-** संवत 2081 के दीपावली पर्व को लेकर ज्योतिष के विद्वानों और पंचांग कारों में मतभेद है। हमारे क्षेत्र के विद्वान ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि दिनांक 31 अक्टूबर को चतुर्दशी तिथि सूर्यास्त के पूर्व दिन में 3 बजकर 53 मिनिट पर समाप्त होकर अमावस्या प्रारंभ हो रही है जो प्रदोष काल निशीथ काल के साथ अगले दिन 1 नवंबर 2024 शुक्रवार को सूर्यास्त के उपरांत 6 .17 बजे तक रहेगी। कुछ पंचांगों में अमावस्या एक नवंबर को सूर्यास्त के पूर्व ही समाप्त हो रही है। दृश्य गणित ग्रह लाघवीय आदि गणितीय भिन्नता के कारण पंचांग कारों और विद्वानों में दीपावली पर्व को लेकर दोमत की स्थिति के चलते कुछ क्षेत्रों में 31अक्टूबर को और कुछ क्षेत्रों में 1नवम्बर को दीपावली मनाई जाएगी। लेकिन निर्णय सिंधु धर्म सिन्धु और तिथि व्रत पर्व निर्णायक ग्रंथों के अनुसार दीपावली पूजन 1नवम्बर को ही सर्वश्रेष्ठ है।



### श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न; निष्पक्ष भाव के समर्थक थे पंडाजी: श्री सोनी

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जनसरोकार को सर्वोपरि रखकर कार्य करने वाले पत्रकार देवेन्द्र शर्मा पंडाजी हम सब लोगों के दिलो दिमाग में हमेशा रहेंगे। उन्होंने निष्पक्ष भाव से समसामयिक मुद्दों को शासन-प्रशासन के सामने रखा। उक्त बात शगुन मैरिज गार्डन में वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र शर्मा पंडा जी को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी ने कही। श्री सोनी ने कहा कि हर विचारशील व्यक्ति उनके निधन से दुखी है। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने उनसे जुड़े कई संस्मरण बताते हुए कहा कि उनका परिचय क्षेत्र पूरे होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में था वे आम आदमी की आवाज रहे। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी ने कहा कि उनके निधन से जिले को बड़ी क्षति हुई है। पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्विनी धौरेलिया ने कहा कि पंडा जी की कार्यशैली के कारण हर व्यक्ति ने उन्हें अपना माना। बेवाकी से उन्होने अपनी बात रखी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने बताया कि समय-समय पर उनका मार्गदर्शन मिलता रहा। उक्त मौके पर इंजी. सुनील कोठारी, डॉ. संजीव चांदोरकर, एड. चौधरी जोगेन्द्र सिंह, एस. के. चतुर्वेदी, सुबोध शर्मा, अशोक त्रिपाठी, डॉ. गणेश सोनी, नीलू राय, अजय दुबे, बंटी सलूजा, अमर नौरिया, सुनील प्रजापति के अलावा अन्य वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री पंडा ने जनसामान्य की समस्याओं को मुखरता से उठाया। वे हमेशा रचनात्मक, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहते थे और जाति-धर्म से हटकर उनके संबंध रहे। यही कारण है कि उनके निधन से हर वर्ग को गहरा दुख हुआ है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन नीलेश जाट एवं आभार प्रदर्शन अस्सू नेमा ने किया।

### घरेलू गैस सिलेंडरों का हो रहा व्यावसायिक उपयोग, दुकानदारों को नहीं है कार्यवाही का डर



**गोटेगांव-** स्थानीय नगरीय क्षेत्र में इन दिनों घरेलू एलपीजी सिलेंडर का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग हो रहा है लेकिन प्रशासन से लेकर घरेलू रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए बना सेल निष्क्रिय बना हुआ है। इस कारण क्षेत्र के ज्यादा चौक-चौराहों पर स्थित चाय-नाश्ते की दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। इस ओर न तो कभी संबंधित विभाग के अधिकारियों की नजर जाती है और न ही कभी कोई धर-पकड़ की बात ही सामने आती है। नतीजा है कि बेखौफ होकर होटल व चाय-नाश्ते की दुकान वाले घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।मालूम हो कि सरकारी व्यवस्था के तहत 5 किलो एवं 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर घरेलू उपयोग के लिए है। जो सब्सिडी दर पर घरेलू कनेक्शन वाले लोगों को उपलब्ध होता है। वहीं, 19 किलो वाला गैस सिलेंडर व्यावसायिक सिलेंडर है। इस पर सरकारी स्तर से किसी भी तरह की सब्सिडी नहीं है। व्यावसायिक उपयोग में 19 किलो वाले सिलेंडर से काम लिया जाना है। लेकिन, घरेलू गैस की तुलना में कीमत अधिक रहने के कारण होटल वाले व चाय-नाश्ते की दुकान वाले व्यावसायिक सिलेंडर की बजाए घरेलू गैस सिलेंडर का ही उपयोग कर रहे हैं जो अवैध है। कुछ अधिक पैसे देने पर होटल वालों व चाय-नाश्ते की दुकान वालों को घरेलू गैस का 14.2 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है। कुछ दुकान संचालक जुगाड़ लगाकर गैस की कालाबाजारी भी कर लेते है। कुछ होटल और चाय-नाश्ते की दुकान वाले दिखावे के लिए 19 किलो वाला सिलेंडर दुकान के आगे रख देते हैं और कारोबार घरेलू गैस सिलेंडर से करते रहते हैं। प्रशासन या संबंधित विभाग को इस ओर झांकने की फुर्सत नहीं है। इसी का नाजायज फायदा उठा कर होटल और चाय-नाश्ते के दुकानदार धड़ल्ले से घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं। अगर प्रशासन इस ओर सजग हो तो घरेलू गैस का दुरुपयोग रुकेगा। साथ ही,व्यावसायिक गैस सिलेंडर के वितरण में भी तेजी आएगी और सरकार को राजस्व का फायदा भी मिलेगा। परंतु विभाग द्वारा कार्यवाही ना होने से गैस माफिया के हौसले बुलंद है।

# गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गोटेगांव



स्थानीय नगर के समस्त गौ भक्तों एवं समस्त धर्म प्रेमी जनता के द्वारा सभी सामाजिक बंधुओ ने श्रीदेव रामचंद्र ब्रह्मचारी मंदिर परिसर में एकत्रित होकर एसडीएम महोदया को ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञात होवे की गौमाता की रक्षा हेतु एवं राष्ट्रीय गौमाता घोषित कराए जाने हेतु परमपूज्य शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज भारत भ्रमण यात्रा कर रहे हैं इसी क्रम में ब्रह्मचारी अचलानंद के सानिध्य में अखिल भारतीय पत्रकार महासंघ द्वारा गोटेगांव तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम महोदया को मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा जिसमें गौमाता की अंत्येष्टि, गौमाता राष्ट्र माता घोषित हो एवं गौशालाओं का निरीक्षण प्रति सप्ताह प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किए जाने की मांग की है वही समस्त गौ भक्तों ने यह भी कहा है कि जल्द अगर मांग पूरी नहीं होती है तो आगामी दिनों में हम सभी मिलकर गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने एवं अन्य मांगों को लेकर अनशन के लिए बाध्य होंगे इस अवसर पर ब्रह्मचारी अचलानंद जी,धरानंद जी ऋतिक ठाकुर योगेंद्र झरिया दीपक सोनी मोहित सेन वीरेंद्र ठाकुर विष्णु दत्त दुबे निलेश ताम्रकार अमन साहू हर नारायण तिवारी रमेश नामदेव प्रमोद झरिया बृजलाल नामदेव राजेंद्र अग्रवाल विनोद चौरसिया बसंत कुमार दुबे एवं,बीडी सोनी,कपिल नायक सतीश दुबे आशीष साहू भानु राय राहुल पाटकर,मोहन राजपूत,सुमित साहू कंछेदी पटेल,मनीष मिश्रा,दीपक सराठे निखिल खटीक,गोविंद यादव, रोहित यादव सहित अन्य गौभक्त उपस्थित रहे।

# ओवर नाइट एक्सप्रेस का श्रीधाम स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग

हरिभूमि न्यूज गोटेगांव




स्थानीय नगर के श्रीधाम स्टेशन से जिस ट्रेन में गरीब जनता सफर करती थी वह ट्रेनें बंद कर दी गई है अब सवाल यह उठता है की गरीब जनता की कोई सुनने वाला है क्या।जो बंद पड़ी शटल और फास्ट गाड़ी को पुनः चालू करने के लिए प्रयास होना चाहिए इस विषय में अनेक बार जनता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत भी कराया किंतु जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जनमानस में आक्रोश पैदा कर रही है वहीं पढ़ाई करने के लिए इंदौर जाने वाले बच्चों के लिए भी रेल प्रशासन को ओवरनाइट का स्टॉपेज करना चाहिए अभी इंदौर के लिए सिर्फ नर्मदा एक्सप्रेस है इसको पहुंचने में 13 घंटे का समय लगता है एवं ओवरनाइट अगर श्रीधाम स्थापित हो जाए तो सिर्फ 9 घंटे में इंदौर की यात्रा विद्यार्थियों के लिए सुगमता प्रदान करेगी इंदौर आने जाने वाले बच्चों के लिए समय भी कम लगेगा इस विषय में शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ध्यान देंजैसा कि सभी को विदित है कि सामान्य वर्ग के लिए सस्ती सुंदर और उपयोगी ट्रेनें बंद करने से जहां जनमानस पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है वहीं इन गाड़ियों के स्थान पर चलाई गई मेमो ट्रेन ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है और जनता लगातार अपनी पुरानी ट्रेनों को चलाने की मांग कर रही है स्मरण रहे यह ट्रेनें इटारसी से कटनी सतना के बीच लगभग तीस से चालीस स्टेशनों की यात्रियों को समय पर और सुविधा पूर्वक अपने गंतव्य तक लाने ले जाने का कार्य करती थी जहां ओवरनाइट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का यह भी कहना है कि पिपरिया में ट्रेन समय के पूर्व पहुंच जाती है एवं लगभग आधा घंटा वहां खड़ी रहती है एवं इसी तरह से आते समय मदन महल बिफोर समय पर पहुंच जाती है तो लगभग तीस मिनट मिनट मदन महल में भी खड़ी रहती है इसी समय को मैनेज करते हुए अगर दो मिनट का श्रीधाम में स्टॉपेज हो जाए तो यात्रियों एवं बाहर पढ़ने जाने वाले छात्रों सहित गोटेगांव क्षेत्र की जनता को भी इस ट्रेन का लाभ मिलने लगेगा।

राम कहो
नेमा होटल
ALL Sweets & Namkeen
राजेश नेमा 9826896740
सुभाष नेमा 9826446803
सुनील नेमा 9826104425
मेन रोड, तिलक वार्ड कंदेली, नरसिंहपुर

मो.: 9893565742, 9713755214
राजभोग
स्वीट्स & रेस्टारेन्ट
साउथ इंडियन- इडली, डोसा, पीजा, चाउमीन राईस, मनचूरियन, दूध, दही, मक्खन आईस्क्रीम, पनीर आदि उपलब्ध है।
मेन रोड, कंदेली, नरसिंहपुर (म.प्र.) 487001

धनवन्तरी जयंती एवं धनतेरस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सभी स्वास्थ रहें प्रसन्न रहें
अष्टांग चिकित्सालय
पाईल्स चिकित्सा केंद्र क्षारकर्म एवं लेजर चिकित्सा
डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय पंचकर्म एवं क्षरसूत्र व लेजर विशेषज्ञ
पुराना अनुभव नई तकनीक
डॉ. प्रतिमा पाण्डेय महिला रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ
स्थान: बाहरी रोड इतवारा बाजार कंदेली नरसिंहपुर, फोन नं. 07792-230934